भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 6116
बुधवार, 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर देने के लिए

'उन्नति' पहल

6116. श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इसरो द्वारा 'यूनिस्पेस नैनोसैटेलाइट असेंबली एंड ट्रेनिंग' (उन्नति) पहल के अंतर्गत उक्त पहल के आरंभ से अब तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या कितनी है और भाग लेने वाले देशों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का विचार उपग्रह प्रौद्योगिकियों में अतिरिक्त प्रशिक्षण मॉड्यूल या उन्नत पाठ्यक्रमों को शामिल करने के लिए इस कार्यक्रम का विस्तार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन्नति पहल के माध्यम से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

(क), (ख), (ग) एवं (घ)

उन्नति (इसरो द्वारा संचालित एक यूनिस्पेस नैनोसैटेलाइट असेंबली एंड ट्रेनिंग) एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसकी घोषणा 2018 में पहले संयुक्त राष्ट्र अंतरिक्ष सम्मेलन की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के अंतर्गत की गई थी।

नैनोसैटेलाइट निर्माण और परीक्षण पर आधारित यह दो महीने का कार्यक्रम अंतरिक्ष क्षेत्र में रुचि रखने वाले देशों के अधिकारियों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में उनकी क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

उन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन बैच इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र, बेंगलूरु में आयोजित किए गए, जिनसे 45 देशों के 90 प्रतिभागियों को लाभ मिला। कार्यक्रम के विस्तार का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****